आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 12.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत की युवा शक्ति देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी।
- पौड़ी गढ़वाल के सिरौली में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मृत्यु, 18 अन्य घायल हो गए हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन'' में विकसित उत्तरराखंड पर जोर दिया।
- संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच समझौता ज्ञापन पर हुए हस्ताक्षर।
- और, प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले इलाकों में बारिश से मौसम हुआ सर्द।

राष्ट्रीय युवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य जल्द ही देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ''विकसित भारत युवा नेता संवाद–2025'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की इस यात्रा में सभी को हर रोज नए लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्हें हासिल करना होगा।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति का दृष्टिकोण नामक पुस्तक का विमोचन किया।

दुर्घटना

पौड़ी गढ़वाल के सिरौली में आज एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मृत्यु हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। इस हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार बस में 25 लोग सवार थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय युवा दिवस

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नैनीताल के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय खेलों के लिए पंजीकृत स्वयंसेवी युवाओं को सम्मानित किया गया।

देहरादून में स्वस्थ मतदाता—स्वस्थ लोकतंत्र की थीम पर 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में भारतीय सेना, आईटीबीपी, उत्तराखण्ड पुलिस, सर्वे ऑफ़ इंडिया, सचिवालय एथलेटिक क्लब समेत एक हज़ार से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य नागरिकों को मतदान सम्बंधी गतिविधियों के बारे में जागरुक करना है।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर लेखक गांव थानों में "स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत" विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सविता मोहन ने कहा की स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में "अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन" का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रवासी उत्तराखंडियों की सक्रिय भागीदारी को प्रदेश के विकास में सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आज उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान श्री धामी ने कहा कि विदेश में रहने वाले प्रवासी उत्तराखंडी राज्य के सशक्त ब्रांड एंबेसडर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 30 से अधिक प्रवासियों ने प्रदेश के गांवों को गोद लेकर वहां के लोगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हैं, जो सामाजिक उत्थान में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

एक दिवसीस सम्मेलन के पहले सत्र में विशेषज्ञों ने राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मंथन किया।

संस्कृत भाषा

संस्कृत भाषा के उन्नयन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और उसके प्रयोग को लेकर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस एमओयू के तहत संस्कृत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग' के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रथम चरण में प्रदेश के विभिन्न संस्थाओं के पुस्तकालय में संस्कृत के उपलब्ध ग्रंथों की जानकारी एकत्रित कर उन्हें डिजिटल रूप दिया जाएगा। जिसमें संस्कृत का एक वृहद शब्दकोश तैयार होगा।

निकाय चुनाव

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोंरो पर हैं। टिहरी में प्रत्याशी कड़ाके की ठंड के बावजूद भी जनसंपर्क कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जिले में चार नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत में चुनाव हो रहे है। उधर, हरिद्वार में मेयर प्रत्याशियों ने भी जनसंपर्क तेज कर दिया है। भाजपा नेता और विधायक मदन कोशिक का कहना है कि भाजपा का मेयर प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीतेगा। वहीं कांग्रेस महासचिव वरुण बालियान ने भी पार्टी पत्याशी के जीतने का दावा किया है।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर प्रदेश भर में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। जिसके लिए मशाल तेजस्वनी पूरे प्रदेश में भ्रमण कर खेल प्रेमियों में उत्साह व उमंग जगा रही है। रुद्रप्रयाग जिले में पहुंची मशाल तेजस्वनी का दूसरे दिन भी बडे उत्साह के साथ खेल प्रेमियों ने स्वागत किया।

इस बीच टिहरी में खेल प्रचार रथ के पहुंचने पर स्थानीय लोग उत्साहित नजर आए। इस रथ के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों को खेलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज घड़ियाल धार के व्यायाम अध्यापक गोपेश्वर प्रसाद अंथवाल ने बताया कि रथ के माध्यम से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का प्रचार किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर खेलों के विशेष सचिव अमित सिन्हा ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

वनाग्नि

चमोली जिले में वनाग्नि घटनाओं को रोकने के लिए वन पंचायत, सरपंच, ग्राम प्रधान, महिला और युवक मंगल दलों को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित गोष्ठी में वनाग्नि की बढ़ती घटनाएं और उसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही वनाग्नि के दौरान उपयोग में आने वाले फायर सेफ्टी उपकरण, फस्ट एड किट और वनाग्नि सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य वनाग्नि घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना है।

मौसम

प्रदेश में पिछले 12 घंटे के दौरान हुई बर्फबारी और बारिश से मौसम सर्द हो गया है। नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी और चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की खबर है। जबकि मैदानी इलाकों में कहीं–कहीं बूंदा–बांदी होने के साथ ही बादल छाए रहे। वहीं, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में हल्का से मध्यम कोहरा छाए रहने सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं–कहीं घना कोहरा छाया रह सकता है।